


PROFESSOR SIMMI AGNIHOTRI
GOVT. DEGREE COLLEGE HAROLI, DISTT. UNA (H.P.)
प्राचार्य कक्ष




WOMEN
CELL
WOMAN EMPOWERMENT
ENTREPRENEUR
POLICE
TEACHER
MOTHER
STOP

# लिंग के आधार पर नहीं मापी जा सकती योग्यता : पलक

## हरोली कालेज में लिंग भेदभाव पर सैमीनार आयोजित

हरोली, 9 दिसम्बर (दत्ता): प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय हरोली में वूमैन काऊंसलिंग सैल द्वारा लिंग भेदभाव पर सैमीनार का आयोजन किया गया। जैंडर चैंपियन पलक देवी (बी.कॉम. फाइनल ईयर) ने लिंग भेदभाव पर भाषण दिया।

उसने कहा कि लिंग के आधार पर किसी की भी योग्यता को नहीं मापा जा सकता। उसके लिए कर्म आवश्यक है। वूमैन काऊंसलिंग सैल की संयोजिका प्रो. कैप्टन सोनिका सैनी ने छात्रों को लिंग भेदभाव की समस्या से निपटने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. आर.एस. डढवाल ने पलक को भाषण पर बधाई देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश अन्य प्रदेशों से लिंग भेदभाव को कम करने में आगे है। अभी भी इस पर बहुत काम करने की आवश्यकता है, जिसमें युवाओं का विशेष योगदान आवश्यक है। इस अवसर पर प्रो. गुरबख्श राय व प्रो. कल्पना शर्मा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।



*हरोली : हरोली कालेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्टाफ सदस्यों संग विद्यार्थी सामूहिक चित्र में।* (दत्ता)

# स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में रिया प्रथम

## हरोली महाविद्यालय में स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित

हरोली, 7 दिसम्बर (दत्ता): प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय हरोली में महिला प्रताड़ना और लिंग भेदभाव पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। वूमैन सैल द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित करवाया गया जिसमें विद्यार्थियों ने स्लोगन राइटिंग द्वारा घरेलू हिंसा और महिला प्रताड़ना को स्लोगन में दर्शाया। महाविद्यालय की वूमैन सैल की संयोजिका प्रो. कैप्टन सोनिका सैनी ने विद्यार्थियों को जागरूक किया तथा महिला प्रताड़ना के विरुद्ध अपने विचार व्यक्त किए।




*हरोली : प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय हरोली में स्लोगन राइटिंग द्वारा घरेलू हिंसा और महिला प्रताड़ना के स्लोगन दर्शाते विद्यार्थी।* (दत्ता)

उनके सहयोगी प्रो. गुरबख्श राय तथा प्रो. कल्पना शर्मा ने जज की भूमिका निभाई। प्रथम स्थान पर रिया बी.कॉम. सैकेंड ईयर, द्वितीय स्थान पर पायल बी.कॉम. फर्स्ट ईयर व तृतीय स्थान पर शैलजा बी.ए. फर्स्ट ईयर व सुनीता बी.ए. सैकेंड ईयर संयुक्त रूप से रहीं, वहीं तानिया बी.कॉम. थर्ड ईयर, सुहानी बी.कॉम. थर्ड ईयर, गौरव और साहिल बी.कॉम. फर्स्ट ईयर को सांत्वना पुरस्कार के लिए नामित किया गया।

प्राचार्य प्रो. आर.एस. डढवाल ने महिला प्रताड़ना एवं लिंग भेदभाव के प्रति जागरूक किया और कहा कि समाज को इस कुरूति से बचना चाहिए। इस उपलक्ष्य पर महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।


PROFESSOR SIMMI AGNIHOTRI
GOVT. DEGREE COLLEGE HAROLI, DISTT. UNA (H.P.)
WELCOMES YOU
BREAK THE SILENCE
END THE VIOLENCE
EQUALITY KNOWS NO GENDER
SOCIAL JUSTICE
STOP VIOLENCE!
Raise your voice
end the silence


PROF. SIMMI AGNIHOTRI
GOVT. DEGREE COLLEGE HAROLI
DIGITAL LITERACY CAMP
July31, 2024
WOMEN
&
CAREER
COUNSELLING
CELL

# छात्रों को दी साइबर क्राइम से बचने की जानकारी

By: *divyahimachal* Aug 1st, 2024 12:55 am



**सिटी रिपोर्टर-हरोली**

वूमन एंड करियर कंसल्टिंग सैल द्वारा प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय हरोली में साइबर क्राइम एवं डिजिटिल लिटरेसी कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसएचओ हरोली सुनील सांख्यान ने विशेष रुप से शिरकत की। थाना प्रभारी सुनील सांख्यान ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से बचने की जानकारी दी। आजकल ऑनलाईन फ्रॉड हो रहे है। अपराधिक प्रवृति के लोग लोगों को लूटने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे है। उन्होंने कहा कि अगर कोई फोन करता है तो अपना ओटीपी व अन्य पासवर्ड न बताए। इस अवसर पर प्रो. सोनिका सैनी, प्रो. ज्योति शर्मा, प्रो. कल्पना शर्मा, प्रो. शंकुतला राणा आदि उपस्थित थे।